# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की प्रगति से शासन संतुष्ट

**दौरा**

बांदा/चित्रकूट/हमीरपुर। हिटी

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के बाद अब यूपी सरकार का पूरा फोकस बुंदेलखंड के लोगों को एक्सप्रेस-वे की बड़ी सौगात देने का है।

रविवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने 296 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति देखी और खुशी जताई। हेलीकॉप्टर से उन्होंने चित्रकूट में बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे की शुरुआत से इटावा तक दौरा किया, जहां यह लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मिल रहा है।



बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का मुआयना करते अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी।

छह जिलों का दौरा करने के बाद उन्होंने बताया, सरकार का उद्देश्य चित्रकूट से दिल्ली तक का सफर महज 6 घंटों में कराना है।